तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

14 लोहारडीह में सिकलसेल पर हुई जागरुकता कार्यशाला



14 देवरी में छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली





## खबर संक्षेप

### अलुमनी विवेक ने किया पुस्तक दान

**महासमुंद**। पीजी कॉलेज के अलुमनी एसोसिएशन मेंबर विवेक रहाटगाँवकर द्वारा महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे को महाविद्यालय के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए एक दिन हमरो आही छत्तीसगढ़ी भावानुवाद और विरासत पुस्तक की संशोधित प्रति दान की गई। डॉ रीता पांडेय ने बताया कि उक्त पुस्तक को ग्रंथालय के दान रजिस्टर में अंकित कर हिंदी शोध केंद्र को प्रदान की गई। ताकि, शोधार्थी लाभान्वित हो सके। महाविद्यालय परिवार एवं अलुमनी समिति के संरक्षक करुणा दुबे, अध्यक्ष अमृत चोपड़ा, राजकुमार राठौर, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी, मनीष शर्मा, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, एसआर रात्रे ने उत्कृष्ट कार्य को सराहा।

### खो-खो चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

**महासमुंद**। 11वीं राज्य स्तरीय ओपन खो खो फेडरेशन जूनियर आयु वर्ग बालक/बालिका का आयोजन छत्तीसगढ़ खो-खो एमेच्योर संघ एवं राजनांदगांव खो खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 7 दिसंबर 2025 तक लाटमेटा राजनांदगांव में आयोजित है। जिसमें राज्यभर की जूनियर खो-खो बालक बालिका की टीम शामिल होंगे। इसी तारतम्य में महासमुंद जिला की खो खो जूनियर बालक बालिका के टीम शामिल होने के लिए जा रही है। खो-खो दल का रवानगी जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष बादल मक्कड़ एवं जिला स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ पंकज चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर जिला खो-खो संघ के सचिव पुरुषोत्तम ध्रुव, सहसचिव मिथिलेश दीवान, कोषाध्यक्ष हिरेंद्र साहू, कामता साहू, रेखराम ध्रुव, लोकेश मांझी, मदन चौधरी उपस्थित रहे। समाचार, पोषण कन्नौजे

### खम्हरिया में शिव महापुराण कथा 9 से

**महासमुंद**। ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों द्वारा शिव महापुराण तथा महोत्सव का आयोजन 9 से 16 दिसंबर तक किया गया है। आचार्य तेजप्रसाद दुबे व मार्गदर्शक पंडित जितेंद्र प्रसाद दुबे के सानिध्य में प्रारायणकर्ता निशा किशोरी होंगी। इसी तरह भगवान शिव की महिमा का बखान प्रिया किशोरी करेगी। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। 9 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदीपूजन और शिव पुराण महात्म से कथा प्रारंभ होगा। 10 दिसंबर को शिव पूजन विधि, सृष्टि वर्णन, शिवशक्ति बोध, 11 को सती चरित्र दक्ष वृतांत, शक्तिपीठ वर्णन, 12 को पार्वती कथा, शिव पार्वती विवाह कथा का बखान किया जाएगा। इसी तरह प्रिया किशोरी 13 को तारकासुर कथा, कार्तिकेय, गणपति चरित्र, 14 को जलाधर वाणासुर कथा, शिव अवतार, 15 को पंचाक्षर महिमा व द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा श्रवण कराएंगे।

# रजिस्ट्री दफ्तर पर पसरा सन्नाटा, गाइडलाइन वृद्धि से राजस्व पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजस्व के मामले में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले पंजीयन कार्यालय में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। संपत्तियों की खरीदी बिक्री पर यहां होने वाली हलचल नदारद है। पंजीयन दरों के साथ संपत्ति मूल्य में वृध्दि की गाईडलाईन लागू होने के बाद से यह स्थिति नजर आ रह है। इसके चलते पंजीयन कराने वालों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिल रही है।

स्थानीय पंजीयन कार्यालय के उपपंजीयक यूके टंडन बताते है कि सामान्य दिनों में उप-पंजीयक कार्यालय में रोजाना औसतन 15 से 20 रजिस्ट्री होती थीं, जिससे अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होता था।

हालांकि, नई गाइडलाइन लागू होने के बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। रोजाना होने वाली रजिस्ट्री की संख्या आधे से भी कम रह गई है। नवंबर के 20 तारीखी से अब तकरीबन 15 दिनों में रजिस्ट्री की संख्या मात्र 118 रही। रजिस्ट्री संख्या की कमीन ने सीधे राजस्व में भी कमी लाई है। जमीन कारोबार में आई इस सुस्ती का सबसे बड़ा कारण कलेक्टर गाइडलाइन में कई गुना तक की बढ़ोतरी को माना जा रहा है। गाइडलाइन बढ़ने से रजिस्ट्री पर लगने वाला स्टाम्प शुल्क कई गुना बढ़ गया है, जिससे जमीन खरीदना महंगा हो गया है।

## कारोबारियों में रोष, शासन के लिए सबसे बड़े राजस्व स्रोत पर हो रहा विपरीत असर

### 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक

पूर्ववर्ती सरकार ने 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटा दी थी, जिससे मध्यमवर्गीय और छोटे किसान अपनी जरूरत के लिए छोटे भूखंड आसानी से खरीद पाते थे। नई सरकार ने इस पर पुनः रोक लगा दी है। इससे खासकर मध्यमवर्गीय लोग प्रभावित हुए हैं, और रजिस्ट्री की संख्या में और कमी आई है। पिछली सरकार ने जब गाइडलाइन दरों में कमी की थी, तब पंजीयन शुल्क को बढ़ा दिया था। अब साय सरकार ने गाइडलाइन दरों में तो भारी वृद्धि कर दी, लेकिन पंजीयन शुल्क को वापस कम नहीं किया है।



### गाइडलाइन कम होने का इंतजार

गाइडलाइन में यह वृद्धि किसी भी नजरिए से व्यवहारिक नहीं मानी जा रही है। इसका पूरे प्रदेश में पुरजोर विरोध हो रहा है। जिले में भी जमीन कारोबारी सौदे करने के बजाय, इस नीति का विरोध कर रहे हैं और सरकार से गाइडलाइन कम करने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सुझाव दे रहे हैं कि गाइडलाइन को कम किया जाए। इसी उम्मीद में, आम जनता और खरीदार भी रजिस्ट्री कराने से कतरा रहे हैं, और गाइडलाइन कम होने का इंतजार कर रहे हैं। इस उम्मीद के चलते भी रजिस्ट्री की रफ्तार धीमी पड़ी है, और जिले का पंजीयक कार्यालय सन्नाटे में डूबा हुआ है।

## चर्चा : शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ली शिक्षा विभाग के संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

# मंत्री बोले: शिक्षा गुणवत्ता, समयबद्धता और परिणामोन्मुखी कार्य ही हमारा मुख्य लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री गजेंद्र यादव ने शुक्रवार को रायपुर संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग का मूल कार्य अध्ययन एवं अध्यापन है। इसे अधिकारी अपने मूल कार्य को न भूले और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए समर्पित होकर कार्य करें। मंत्री ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि अगले तीन वर्षों के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार करें जिसमें विद्यालयों की अधोसंरचना की मजबूत व्यवस्था, शैक्षणिक वातावरण का संवर्धन, शैक्षणिक गुणवत्ता में ठोस सुधार जैसे पहलुओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक योजना ही स्थायी और प्रभावी शिक्षा सुधार का आधार बनेगी। हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर ▶▶|शेष पेज 12 पर




### 10वीं व 12वीं के परिणाम का लक्ष्य

विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी 100 प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारियों को मिशन मोड में इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। पिछले वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि कक्षा 10वीं का परिणाम न्यूनतम 85 प्रतिशत और 12वीं का परिणाम 90 प्रतिशत लाने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य सिर्फ उत्तीर्णता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण कराना है।



### मंत्री ने वैज्ञानिक मॉडल, प्रदर्शनी को सराहा

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिला पंचायत परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल, मॉडल और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास होता है। यह एक बेहतर प्रयास है। उन्होंने महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत अटल टिकरिंग लैब द्वारा स्मार्ट डेम सिंचाई मॉडल का अवलोकन किया और उनके प्रयास को सराहा। बागबाहरा विकासखण्ड में एआई टूल्स पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई गई। ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 12 बल्क लीटर महुआ मदिरा एवं 150 किलो महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अवैध मदिरा बिक्री पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

जिले में आबकारी विभाग द्वारा की जा रही अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई के क्रम में आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना एवं सांकरा की संयुक्त टीम द्वारा एक प्रकरण दर्ज करते हुए 12 बल्क लीटर अवैध महुआ मदिरा तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आबकारी अधिकारी सुनील सूर्यवंशी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान थाना सरायपाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसमपाली निवासी गौरीशंकर पांडे के कब्जे से 12 बल्क लीटर अवैध महुआ मदिरा तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है। आरोपी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(ई), 34(2), 59(क) के तहत गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग एवं उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े द्वारा किया गया। संयुक्त टीम में आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना एवं सांकरा के अधिकारियों-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# शादी समारोह में गए परिवार के सूने घर से 1.25 करोड़ रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बलडीडीह में सनसनीखेज चोरी की वारदात सामने आई है, जिसने न केवल पूरे इलाके बल्कि पुलिस प्रशासन को भी स्तब्ध कर दिया है। चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए, लगभग 25 लाख नकद और लगभग 1 करोड़ मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों सहित कुल 1.25 करोड़ की चोरी को अंजाम दिया है। यह चौंकाने वाली घटना ग्राम बल्दीडीह के निवासी योगेश अग्रवाल के घर पर हुई।

जानकारी के अनुसार, अग्रवाल परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पूरे परिवार सहित रायपुर गया हुआ था। ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों ने इस अवसर का बेसब्री से इंतजार किया और पूरी तरह से रेकी कर रखी थी। परिवार की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए, शातिर चोरों के गिरोह ने योगेश अग्रवाल के घर में सेंध लगाई। उन्होंने घर के मुख्य द्वार और कमरों के ताले तोड़े और सीधे उस अलमारी तक पहुंचे जहां नगद और जेवरात रखे हुए थे। परिवार के



वापस लौटने पर जब उन्हें घर के ताले टूटे मिले और भीतर जाकर अलमारी खाली देखी, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। 1.25 करोड़ की चोरी की खबर मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, जांच शुरू

मामले की गंभीरता और चोरी की विशाल राशि को देखते हुए पुलिस विभाग तुरंत हरकत में आ गया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल एक विशेष जांच दल का गठन किया गया और जांच शुरू की गई। चोरी की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर विशेष टीमें और विशेषज्ञ दल तुरंत पहुंचे जिसमें सायबर सेल, सांकरा थाना पुलिस,फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वाड पुलिस टीम ने योगेश अग्रवाल के घर की बारीकी से जांच की और चोरों के घुसने व निकलने के रास्तों का अध्ययन किया। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है।

### इलाके में दहशत, सुरक्षित गश्त की मांग

बल्डीडीह जैसे शांत गांव में 1.25 करोड़ की इतनी बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में गहरा दहशत का माहौल बन गया है। लोगों का कहना है कि जब एक भरे-पूरे परिवार के घर में इस तरह सेंधमारी हो सकती है, तो उनकी सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। ग्रामीण पुलिस से रात्रि गश्त को और अधिक मजबूत करने और जल्द से जल्द इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा की बहाली हो सके।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण** – 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण** – 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# अमीन भर्ती परीक्षा कल, जिले में 4731 परीक्षार्थी होंगे शामिल, प्रशासन ने की कड़ी व्यवस्था

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को किया जाएगा। जिला में इस परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां जिले के 4731 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। परीक्षा एक ही पाली में 12 बजे से दोपहर 2:15 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा के सुचारु संचालन, सुरक्षा और नकल विहीन वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पर्यवेक्षकों और केंद्राध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा और नोडल अधिकारी सहायक प्राध्यापक अजय राजा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण हो। व्यापम के निर्देशों के अनुसार प्रवेश द्वार पर कड़ाई से चेकिंग की जाए और प्रतिबंधित सामग्री को किसी भी कीमत पर अंदर न जाने दिया जाए। उन्होंने परीक्षार्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था और प्रश्नपत्र वितरण में समय पालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा बल, पेयजल और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर तत्काल और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता के साथ परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे फ्रिस्किंग और पहचान पत्र सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। चूंकि परीक्षा दोपहर 12:00 बजे शुरू होगी, इसलिए सुबह 11:30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड और वैध फोटो युक्त पहचान पत्र अवश्य लाएं। परीक्षा से एक दिन पहले अपने निर्धारित केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रेस कोड एवं सख्त नियमों का करना होगा पालन : अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे। बिना पॉकेट वाले स्वेटर की अनुमति है, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना आवश्यक होगा। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में केवल चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना सख्ती से प्रतिबंधित है।

# बुजुर्ग महिला से सोने के लॉकेट की लूटपाट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## महासमुंद पुलिस ने किया ग्राम मुढ़ीपार के पास महिला के साथ हुए छीनाझपटी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुढ़ीपार में हुई थी जिसमें आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 5 लॉकेट जिनकी कीमत तकरीबन 50 हजार रुपए आंकी गई है, को जब्त कर लिया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकल को भी टीम ने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसास प्रार्थी भावेश पिता बरातु यादव ग्राम बंसुलाडबरी बागबाहरा ने थाना पिथौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई



कि 03 दिसंबर को वह अपनी माता सोनसिर के साथ ग्राम बसुलाडबरी से ग्राम राजाडेरा (अपने मामा घर) अर्जुनी का मेला देखने जा रहा था। लगभग दोपहर 01:30 से 2:00 बजे के मध्य मुढ़ीपार मोड़ (चौक) के पास चेहरा ढंके हुए दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल (स्पोर्टस बाईक ब्लैक) से अचानक पास आए। दोनों व्यक्तियों ने प्रार्थी की माता के गले में पहने हुए सोने के लॉकेट को जबरन छीन लिया। इस दौरान बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गईं, जिससे उनके कोहनी और सिर के पीछे अंदरूनी चोटें आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पिथौरा अपराध धारा 110, 304, 3(5) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फुटेज के आधार पर धरपकड़ में हुई आसानी

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और संदिग्ध लोगों की पता तलाश के दौरान सूचना मिली कि फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति ग्राम कुटेला, सरायपाली में रहता है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्राम कुटेला जाकर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना सागर कुमार पिता सजन लाल (20) जाति घसिया निवासी कुटेला थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। उससे उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देना लगा, पुलिस टीम को संदेह होने पर व्यक्ति से लगातार पूछताछ करने पर झपटमारी करना स्वीकार किया और बताया कि 03 दिसंबर को वह और उसका दोस्त धनुत्रारी तरिया पिता चतुर्भुज तरिया (24) जाति केंवट निवासी ग्राम छिबर्रा थाना बलौदा के साथ मिलकर ग्राम मुढीपार के पास झपटमारी कर लूटपाट को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने धनुत्रारी तरिया को भी गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### पथरला केंद्र प्रभारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पिरदा में अस्थाई रूप से पदस्थ

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। शासन द्वारा जारी धान खरीदी नीति की कंडिका 4.2 के अनुसार धान उपार्जन का कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं लैम्प्स के माध्यम से किया जाना है तथा कंडिका 20.7 के अनुसार समस्त व्यवस्था एवं कार्यवाही कलेक्टर के निरीक्षण एवं नियंत्रण में संपन्न की जानी है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रखने हेतु पिथौरा के पथरला धान उपार्जन केंद्र प्रभारी श्री प्रहलाद प्रधान को वर्तमान खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए उनके दायित्वों से पृथक करते हुए विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा में धान खरीदी अवधि तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने पुस्तक का किया विमोचन



**रायपुर।** इंडियन लॉ हाउस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित नई पुस्तक "विभागीय जांच कैसे करें" का गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विमोचन किया गया। इस महत्वपूर्ण विधि-ग्रंथ के लेखक सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव केके बाजपेयी हैं। विभागीय जांच की प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक विधि एवं प्रशासनिक कार्यों से जुड़े सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### स्कूल में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस



**रायपुर।** बजाज कालोनी सेक्टर-1 न्यू राजेंद्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसी दौरान सेन समाज के अध्यक्ष मनोज सेन का सम्मान किया गया। सेन एसोसिएशन के सदस्य समय-समय पर स्कूल आकर बच्चों के बाल निशुल्क काटते हैं। इस अवसर पर बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चे वर्तमान दौर में पूरी दुनिया को अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को स्कूल में कंप्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन बागरेचा, असीम सहगल, डॉ. नीतू वर्मा, समाजसेवी ध्रुव अग्रवाल, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

## 163 प्रकरणों में 381.40 लीटर मदिरा एवं 1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध मदिरा के भंडारण एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी आठ आबकारी वृत्तों में माह नवंबर 2025 में सतत कार्रवाई की गई। आबकारी अधिकारी सुनील सूर्यवंशी ने बताया कि आबकारी विभाग के प्रभारी अधिकारियों द्वारा नियमित गश्त एवं दबिश देने के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 163 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से धारा 34(2) के तहत 19 गैर-जमानती प्रकरण भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान देशी/विदेशी मदिरा, महुआ मदिरा तथा ओडिशा से लाई गई मदिरा कुल 381.40 लीटर तथा 1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है, जिसका कुल बाजार मूल्य 2 लाख 80 हजार 907 रुपए है। जिले में आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा त्वरित शिकायत निवारण की व्यवस्था भी मजबूत की गई है। नागरिक अवैध मदिरा की बिक्री, परिवहन या निर्माण संबंधी किसी भी सूचना के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 07723-299317 तथा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 14405 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मनपसंद ऐप के माध्यम से भी शिकायतें ऑनलाइन भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## जिला ग्राम पटेल संघ महासमुंद की बैठक 10 को तहसील आफिस में

**महासमुंद।** ग्राम पटेलों की समस्याओं, कर्तव्यों एवं अधिकारो की जानकारी देने एवं शासन से मांग आदि के संबंध में विशेष चर्चा हेतु महासमुंद जिले के सभी तहसीलों के ग्राम पटेलों की बैठक बुधवार 10 दिसम्बर को समय 12 बजे से है। महासमुंद क्षेत्र के राजस्व गांवों के ग्राम पटेल की बैठक तहसील ऑफिस महासमुंद में होगी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष राजस्व ग्राम पटेल संघ चंद्रशेखर चंद्राकर ने दी है।

# सभी उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन की खरीदी

## कुल 141 प्रकरणों में 22,530 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। आज धान खरीदी का 16वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 05 दिसम्बर को 212.92 टन धान की खरीदी की जाएगी। इस प्रकार आज शाम तक कुल खरीदी 1,64,374 टन पहुंच जाएगी। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर शांतिपूर्वक अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल



उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की गई है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है, ताकि अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियां समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो चुकी है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 129 प्रकरण दर्ज किए गए। 12 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 141 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 22,530 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जिसमें महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी स्थान पर है। जिले के प्रमुख मार्गों, अंतर्राज्यीय जांच चौकी, राइस मिलों और उपार्जन केंद्रों में लगातार निरीक्षण एवं चौकसी बढ़ा दी गई है।

इसी क्रम में पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग प्रकरण में कुल 1362 कट्टा धान जब्त किया गया है। इनमें पिथौरा स्थित व्हाइट गोल्ड राइस मिल यूनिट 1 में 481 कट्टा अधिक धान पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं ग्राम सोनासिल्ली पिथौरा में महावीर ट्रेडर्स महावीर साहू द्वारा 131 कट्टा अवैध धान भंडारण किए जाने पर संयुक्त टीम द्वारा मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए धान की जब्ती की गई। ग्राम जम्हर में श्यामदास के घर में लगभग 750 कट्टा रबी फसल धान का अवैध संग्रहण पाया गया। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर मंडी सचिव पिथौरा को सुपुर्द किया गया।

### ट्रैक्टर में लगी आग, धू-धूकर जलता रहा



**सांकरा।** नेशनल हाइवे-53 सांकरा परसवानी ओवरब्रिज में जानडीएर ट्रैक्टर में आग लग गई, जो घंटों तक जलता रहा। आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं होने टैक्टर पूरी तरह जल गया।

## एसआईआर : बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म में 70 प्रतिशत ही जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ उत्तर विधानसभा के कई वार्डों में कांग्रेस प्रभारी ने किया दौरा

रायपुर उत्तर विधानसभा में कांग्रेस कमेटी द्वारा एसआईआर के तहत बीएलओ द्वारा बांटे गए गणना पत्रक की कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी तगतार मानिंटिरंग कर रहे हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने वार्डो का दौरा कर बीएलओ और बीआरओ हर बूथ की जानकारी प्राप्त की। बताया गया है कि एसआईआर के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद



सिंह वार्ड, शंकर नगर वार्ड क्रमांक के अंतर्गत 3 वार्डो में एसआईआर के अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड 34 में के 12 बूथों 11736 फार्म बांटे गए जिसमें से 8712 फार्म वापस प्राप्त हुए। वहीं गुरु गोविंद सिंह वार्ड 29 के 12 बूथों में 12865 मतदाता में से 11645 फार्म बांटें गए जिसमें 10215 वापस प्राप्त हुए। शंकर नगर वार्ड के 16 बूथ में कुल 12454 फार्म बांटें गए जिसमें 9721 वापस प्राप्त हुए। इन के साथ ही कालीमाता वार्ड हेमू कल्याणी वार्ड सहित आस पास के वार्डो में 70 प्रतिशत से अधिक फार्म भरे जा चुके हैं। सभी बीएलओ सहित इस कार्य में बड़ी इमानदारी से कार्य कर रहे है वही कुछ जगह पर लापरवाही बरती जा रही है। आम जन उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं कि की कही अच्छे से कार्य हो रहा है कही कार्य बड़े धीमे गति से कार्य किया जा रहा है।

## चार गांजा तस्करों को 15-15 साल कैद, डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना

कार में चेंबर बनाकर तस्करी कर गांजा मंडला ले जाते धरे गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनावाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, वे गांजा को तस्करी कर मध्यप्रदेश के मंडला

*एक वर्ष पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में राधा स्वामी नगर की घटना*

ले जाने की फिराक में थे। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार संतोष साहू, नीरज ताम्रकार, ईतवारी नागरची तथा तुलेश्वर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को राधास्वामी नगर के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। मंडला निवासी नीरज ताम्रकार ने गांजा को मंडला ले जाने कार बुक की थी। पुलिस को चकमा देने आरोपी कार में एक विशेष चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। चेंबर से गांजा की बदबू आने पर मुखबिर ने पुलिस को गांजा तस्करी होने की जानकारी दी, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट की मांग, चैंबर ने कृषिमंत्री नेताम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात की। इस दौरान 2 अलग-अलग विषय पर ज्ञापन सौंपा गया। चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क में छूट एवं कृषि उपज आधारित खाद्य प्रसंस्करण मुरमुरा उद्योग को राहत देने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ में प्रसंस्करण उद्योग



से करीब 50 हजार से अधिक स्थानीय श्रमिक एवं किसानों की आजीविका सीधे तौर पर जुड़ी है। ऐसे में यदि शुल्क में राहत नहीं दी गई, तो उद्योगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और रोजगार प्रभावित होगा। स्मरण पत्र में विशेष रूप से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स और प्रसंस्करण उद्योगों को छूट, कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण एव किसान तथा दलहन-तिलहन व्यापार से जुड़े उद्योगों को शुल्क में छूट देकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, जवाहर थारानी,अशोक निहलानी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष गुरुमुख गंगवानी, पोहा- मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति भाटापारा अध्यक्ष रंजीत दावानी, संरक्षक अनिल लोचलानी, उपाध्यक्ष राकेश मंधान, डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ सदस्य पवन मंधान एवं अमरलाल सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज ने मनाया महालक्ष्मी वरदान दिवस, विधि-विधान से की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगहन मास की पूर्णिमा के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा गुरुवार को महालक्ष्मी वरदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल और महामंत्री पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में विधि-विधान से मां महालक्ष्मी और भगवान अग्रसेन की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर युवा अग्रवाल मंच के अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महालक्ष्मी वरदान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अगहन मास पूर्णिमा का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए विशेष महत्व रखता है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सीताराम अग्रवाल, विष्णु गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश केडिया, निर्मल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, नारायण अग्रवाल, कमल गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनीता पोद्दार, रेणु पोद्दार, अमिता सिंघानिया, पूनम अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मानस अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, त्रिपत जैन, दिनेश अग्रवाल, अशोक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

### इस दौरान कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

## रायपुर मंडल में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य, 10 पैसेंजर ट्रेन के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बता दें कि यह कार्य 6 से 7 दिसंबर को होगा, जिसे 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, तो वहीं झारसुगुड़ा से चलने वाली



68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी बिलासपुर व गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। दोनों तरफ से यह गाड़ी प्रभावित रहेगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

## पेज 11 का शेष

### मंत्री बोलेः शिक्षा गुणवत्ता, समयबद्धता और....

शिक्षा को लेकर है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं चलेगी। जिला पंचायत में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों और शिक्षकों को शिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने, समयबद्धता और परिणाम मूलक कार्य सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, आयुक्त समग्र शिक्षा डॉ. प्रियंका शुक्ला तथा शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी एवं रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों के डीईओ, डीएमसी, बीईओ एवं बीआरसी अधिकारी उपस्थित थे।

**समय का ध्यान नही रखने वालों पर जारी है निगरानीः मंत्री**

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। समय पर उपस्थिति नहीं देने वालों पर विभाग निगरानी रख रहा है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समयबद्धता शिक्षा की गुणवत्ता सुधार का पहला चरण है। बैठक में बीईओ और बीआरसी को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि डीईओ और बीईओ को दौरा चार्ट बनाकर उसका कड़ाई से पालन करना होगा, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दिया जाए। वे नियमित रूप से अध्यापन कार्य भी करते रहें।

**मंत्री ने वैज्ञानिक मॉडलः** इसी तरह पिथौरा में शिक्षक द्वारा काष्ठ कला एवं साबुन से बने कलाकृति का प्रदर्शन किया गया। बसना में चनाट पीए स्कूल के बच्चों द्वारा जादुई पिटारा और जादुई गणित का प्रदर्शन किया गया। वहीं सरायपाली द्वारा खेल-खेल में शिक्षा से संबंधित जादुई पिटारा का अवलोकन कराया गया।

**खबर संक्षेप**

## राधाकृष्ण मंदिर का भूमिपूजन 13 को, स्कूल शिक्षा मंत्री होंगे शामिल



**बसना।** तहसील अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष बसना नरेन्द्र यादव ने बताया कि फुलझर राज झेरिया यादव समाज बसना–सरायपाली द्वारा ग्राम रूड़ा (सरायपाली) में 13 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से राधाकृष्ण मंदिर का भूमिपूजन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा भंडारे की भी व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए सभी समितियों ने अपनी तैयारियाँ पूर्ण कर ली है। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं तथा महिला वर्ग की सक्रिय भूमिका से मंच व्यवस्था, स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारे की तैयारी सुव्यवस्थित रूप से की गई है। नरेन्द्र ने बताया कि आयोजन को लेकर समाजजन अत्यंत उत्साहित हैं। बड़ी संख्या में सहभागिता की संभावना है। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि एवं पदनाम मुख्य अतिथिः गजेन्द्र यादव (स्कूल शिक्षा मंत्री, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य), अध्यक्षता जगतराम यादव (अध्यक्ष फुलझर राज यादव समाज बसना–सरायपाली), अतिविशिष्ट अतिथि रूपकुमारी चौधरी (सांसद महासमुंद लोकसभा), विशिष्ट अतिथि डॉ. सम्पत अग्रवाल (विधायक बसना), चातुरी नंद (विधायक सरायपाली), मधुसुदन यादव (महापौर, नगर निगम राजनांदगाँव), सरला कोसरिया (सदस्य महिला आयोग छत्तीसगढ़), एतराम साहू (जिलाध्यक्ष भाजपा महासमुंद), मोंगरा पटेल (जिला पंचायत अध्यक्ष), लक्ष्मी पटेल (अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली), रेशम लाल पटेल (सरपंच ग्राम पंचायत रूड़ा), खिरोद पटेल (गाँव गोटिया) होंगे। अंत में तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र ने समाजजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।



## लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष का विधायक ने किया स्वागत

**महासमुंद।** शुक्रवार को छत्तीसगढ़ शासन में लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा का नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर वें स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय पहुंचे, जहां विधायक सिन्हा सहित भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत, अभिनंदन किया। साथ ही कुछ आवश्यक विषयों पर चर्चा की। वहीं कुछ समय पहले प्रफुल्ल विश्वकर्मा को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी बनाए जाने पर हर्ष जताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, महामंत्री थानसिंह दीवान,मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नितिन जैन अन्य नेतागण माधवराव टांकसाले, देवीचंद राठी, रमेश साहू, पवन पटेल, मुन्ना साहू, संदीप घोष, अमृत चोपड़ा, अग्रज शर्मा, बंटी शर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, गोविंद ठाकुर, गौकरण साहू, हुलसी चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, साजन यादव, रेखा बेहरा, माखन पटेल, चुनेश्वरी साहू, हनीश बग्गा, निर्भय नायक, रविकांत चंद्राकर, पीयूष साहू, शरद मराठा, दिनेश रूपरेला, नईम खान, अमन वर्मा, अमित साहू, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, पंकज जैन, रामेश्वर पटवा, गुड्डा सिन्हा, भैरव पाल सहित अन्य उपस्थित थें।

## कोटा स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**रायपुर।** कोटा स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में विगत दिनों खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट लीग का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से एवं इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में रायपुर जिले के 190 महिला खिलाड़ी कोच, रेफरी शामिल हुए।

# विधायक ने बसना-अरेकल मार्ग के लिए 184.30 लाख रुपए के निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

■ बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र को दी पुल–पुलिया निर्माण सहित महत्वपूर्ण सड़क की सौगात

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरेकेल में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने विधि-विधान से बसना-अरेकल मार्ग निर्माण और पुल-पुलिया कार्यों के लिए 184.30 लाख (एक करोड़ चौरासी लाख तीस हजार रुपए) की लागत वाले विकास कार्य का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी।



विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि यह मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए प्रगति और समृद्धि का द्वार है। लंबे समय से इस क्षेत्र के नागरिक बेहतर सड़क संपर्क की प्रतीक्षा कर रहे थे। हमारी सरकार ने जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृत किया है। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि किसानों और व्यापारियों को भी अपने उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में बड़ी सहूलियत मिलेगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता बढ़ेगी। विधायक ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गाँव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो। मैं ग्रामवासियों से आह्वान करता हूँ कि वे इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी ध्यान दें और हमें अपना पूरा सहयोग प्रदान करें। यह सड़क आपकी है, और इसकी गुणवत्ता बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमारी सरकार आपके जीवन स्तर को सुधारने और गाँवों को शहरों जैसी सुविधाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लोक निर्माण विभाग के प्रभारी उपमुख्यमंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह स्वीकृति प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनके मजबूत नेतृत्व और सहयोग से ही आज बसना क्षेत्र विकास के नए आयाम छू रहा है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

# बिछिया-सरायपाली मार्ग पर पुल निर्माण का किया शुभारंभ, ग्रामीणों को दी विकास कार्य की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

■ बहुप्रतीक्षित बिछिया–सरायपाली मार्ग के लिए 238 .30 लाख की सौगात, विधायक ने किया भूमिपूजन, विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने दी विकास कार्य की सौगात, बोले–यह पुल आर्थिक विकास में बनेगा मील का पत्थर, बरसात की बाधा होगी समाप्त

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिछिया में क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई। क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बिछिया और सरायपाली को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर पुल-पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया। इस परियोजना के लिए 238.30 लाख की लागत स्वीकृत की गई है, जिसकी सौगात विधायक डॉ. अग्रवाल ने ग्रामीणों को दी।



कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस निर्माण कार्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पुल न केवल बिछिया और सरायपाली को जोड़ने का कार्य करेगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा कर हम जनता से किया गया वादा निभा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह पुल विशेष रूप से बरसात के दिनों में होने वाली आवागमन की गंभीर कठिनाइयों को समाप्त करेगा और किसानों, विद्यार्थियों तथा व्यापारियों को साल भर सुगम मार्ग उपलब्ध कराएगा। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विकासपरक सोच और ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की नीति के कारण ही यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने दृढ़ता से कहा कि यह पुल विकास की नई राह खोलेगा और क्षेत्र की तस्वीर बदलेगा। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बसना विधानसभा के प्रत्येक गांव को पक्की सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। विधायक डॉ. अग्रवाल का स्पष्ट लक्ष्य है। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण और शहरी विकास में कोई अंतर न रहे।

## आयोजन: रजत जयंती समारोह, जिला यूनियन का हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# वनोपज संबंधी योजनाओं, तेंदूपत्ता संग्रहण और वन संरक्षण पर की गई विस्तृत चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह 2025 के अवसर पर आयोजित विभागीय गतिविधियों के अंतर्गत जिला यूनियन महासमुंद द्वारा 05 नवंबर को वन विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय रजत जयंती कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की 75 समितियों के प्रबंधक, अध्यक्ष, तेंदूपत्ता संग्राहक, महिला स्व सहायता समूह सहित लगभग 1000 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर, संचालक सदस्य बसंत सिन्हा, भागीरथी मार्कण्डेय एवं उप प्रबंध संचालक एआर बंजारे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उपप्रबंध संचालक एआर बंजारे ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया और छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए संघ द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर ने कृषि वानिकी के अंतर्गत लगाए गए ग्राफ्टेड जामुन, आंवला, अदरक, हल्दी और तीखुर जैसे पौधों के महत्व और लाभों के बारे में बताया तथा संग्राहकों को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। वहीं संचालक सदस्य बसंत सिन्हा और भागीरथी मार्कण्डेय ने लघु वनोपज संबंधी योजनाओं, तेंदूपत्ता संग्रहण और वन संरक्षण पर विस्तार से अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें चरण पादुका वितरण, प्रबंधक एवं फड़ मुंशी बीमा योजना, सहकारी सोसायटी अधिनियम, तेंदूपत्ता संग्रहण के नियम, वनोपज संग्रहण एवं एमएसपी, लाख पालन की वैज्ञानिक विधि, हर्बल उत्पाद एवं हाट बाजार, कृषि वानिकी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तथा संग्राहक परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं प्रमुख रहे। जिला यूनियन द्वारा तैयार रजत जयंती पम्पलेट विष्णु की पाती का वितरण भी किया गया, जिसमें सभी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

समारोह स्थल पर छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उत्पादों का प्रदर्शन और 1200 रुपए का विक्रय किया गया। कार्यक्रम में कनिष्ठ लेखापाल अशोक शुक्ला ने बीमा योजनाओं, छात्रवृत्तियों तथा आवेदन में होने वाली सामान्य त्रुटियों पर मार्गदर्शन दिया। सहायक प्रबंधक पूजा वर्मा ने कृषि वानिकी गतिविधियों से रोजगार के अवसर विषय पर पीपीटी प्रस्तुति दी, जबकि सहायक प्रबंधक कौशल कुमार ने वनोपज संग्रहण की गुणवत्ता एवं सतत विदोहन पर वैज्ञानिक पद्धतियों का विवरण प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर, संचालक सदस्य बसंत सिन्हा, भागीरथी मार्कण्डेय, उपप्रबंध संचालक एआर बंजारे, लेखापाल योगेंद्र डहरिया, कनिष्ठ लेखापाल अशोक शुक्ला, प्रोग्रामिंग असिस्टेंट रोहन देवांगन, सहायक प्रबंधक कौशल कुमार, पूजा वर्मा, समस्त प्रबंधक, महिला स्वसहायता समूह और जिले के लगभग 1000 संग्राहक उपस्थित रहे। जिला यूनियन महासमुंद द्वारा आयोजित यह रजत जयंती समारोह लघु वनोपज आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने, वैज्ञानिक संग्रहण पद्धतियों के प्रसार, सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम के तहत रोपे गए पौधे



**सरायपाली।** रजत जयंती पर्व पर वन परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल रोहिना में वन महोत्सव का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर बसना वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला के मार्गदर्शन में आम, आंवला, कटहल, जामुन, सिंदूरी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में वन विभाग भी रजत जयंती महोत्सव के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। जिस रफ्तार से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है उससे हमारा जीवन संकट में पड़ गया है। अगर जीवन बचाना है तो पेड़ बचाना जरूरी है। आज जिस तरह से ओजोन परत को नुकसान हो रहा है उसे पेड़ लगाकर ही उसे रोका जा सकता है। उन्होंने एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का संदेश दिया गया। निराला द्वारा वृक्षों के महत्व, वृक्ष मित्र योजना, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के संबंध में जागरुकता संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने स्कूल परिसर में इको क्लब प्रभारी कमलेश साहू द्वारा किए जा रहे पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत बच्चों द्वारा जो पेड़ लगाए गए उसका क्यू आर कोड जारी किया गया तथा उनके द्वारा देखरेख भी किया जा रहा है। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी निराला को प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'बढ़ते कदम' भेंट कर छात्र वृक्ष मित्र के रूप में कार्य करते हुए वन विभाग का हमेशा मदद करने का आश्वासन दिए। सरपंच धनंजय मरकाम ने पर्यावरण को बचाने के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर उपवन परिक्षेत्र अधिकारी काशीराम डड़सेना बड़े साजापाली, सत्येंद्र कश्यप रामभांठा एवं बैदनाथ बारीक बसना, सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ, सचिव उसत कुमार, प्राचार्य एके जायसवाल, व्यख्याता कमलेश साहू, केके साहू, लक्ष्मण पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, हराधन चौधरी, लीला पटेल, रोजगार सहायक रमाकांत टेकाम, सागरपाली बीएफओ आनंदराम जोशी आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के आगमन की तैयारी को लेकर हुई कांग्रेसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव (विधायक खल्लारी) के प्रथम आगमन एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गांधी कांग्रेस भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने की।

बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। सभी ने यादव के स्वागत को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को भव्य एवं अनुशासित रूप से कराने के लिए जिम्मेदारियाँ तय कीं। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव कांग्रेस संगठन के लिए ऊर्जा एवं नई दिशा लेकर आ रहे हैं। उनके प्रथम आगमन पर महासमुंद जिला कांग्रेस एक ऐतिहासिक स्वागत यात्रा का आयोजन करेगी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यादव के स्वागत के लिए लोग पिथौरा से स्वागत कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा और हजारों की संख्या में बाइक रैली, कार रैली के साथ जिला मुख्यालय नदी मोड़ में महासमुंद प्रवेश के पूर्व स्वागत किया जाएगा।




तत्पश्चात नगर के अनेक जगहों पर जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए महासमुंद शहर में प्रवेश करेंगे और स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कांग्रेसजन, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त स्वागत मंच, रूट प्लान, जिम्मेदार समितियाँ तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के संयोजक मंडल ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ता वाहन रैली के माध्यम से गांधी कांग्रेस भवन पहुँचेंगे और तत्पश्चात स्वागत यात्रा प्रारंभ की जाएगी।

बैठक में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, नरेन्द्र सेन, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, कृष्ण कुमार चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, गुरमीत चावला, निर्मल जैन, भरत सिंह ठाकुर, लक्ष्मण पटेल, बलविंदर सिंग सलूजा, गणेश कुमार शर्मा, अमर अरुण चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, तुलसी साहू, राजू साहू, लक्ष्मी सोनी, दसोदा ध्रुव, सुनील चंद्राकर, तबरेज खान, देवेश शर्मा, डॉ. शैय्यद एजाज नकवी, गोपीचंद तारक, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, टोमन सिंग कागजी, आकाश निषाद, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेश मांझी, अनीश रजवानी, चमन चंद्राकर, सन्नी महानंद, बसंत चंद्राकर, भानू सोनी, पुरुषोत्तम दास कोसले, तरुण ध्रुव एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का उत्साहवर्धन करें और संगठन को मजबूत दिशा प्रदान करने में सहयोग दें।

# हाईस्कूल बड़गांव में नवनियुक्त प्राचार्य एवं क्लर्क का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में नवनियुक्त प्राचार्य शिव कुमार गायकवाड़ एवं क्लर्क मोनिका शर्मा का विद्यालय पहुंचने पर सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा पुष्प वर्षा कर उन्हें मंचासन कराया गया। फिर मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कक्षा दसवीं के छात्रों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। पश्चात हाईस्कूल शिक्षक स्टाफ द्वारा अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुष्पाहार तथा गुलदस्ता भेंटकर नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लोकनाथ चक्रधारी के नेतृत्व में एवं माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

नवनियुक्त प्राचार्य एवं क्लर्क का सरपंच नंदिनी ध्रुव व उपसरपंच टिकेश्वरी चक्रधारी द्वारा नारियल व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। पश्चात उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षक स्टाफ द्वारा एनडी मानिकपुरी संकुल समन्वयक के नेतृत्व में श्रीफल व शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। फिर खेमन साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बड़गांव के नेतृत्व में शिक्षक स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। ललित निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति मिडील स्कूल बड़गांव के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त प्राचार्य व क्लर्क को पेन व डायरी भेंट किया गया। वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य का दायित्व संभाल रहे अनिल कुमार वर्मा व्याख्याता को शिक्षक स्टाफ द्वारा मोमेंटो भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया गया।




मंच संचालन महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में एसके गायकवाड़ नवनियुक्त प्राचार्य, निर्वाण दास मानिकपुरी संकुल समन्वयक, मोनिका शर्मा क्लर्क, नंदिनी ध्रुव सरपंच, टिकेश्वरी चक्रधारी उपसरपंच, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, शतानंद निषाद, खोमन शर्मा, लक्ष्मण चक्रधारी, अनिल कुमार वर्मा व्याख्याता, ललित निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता, सुनील कुमार साहू, सूर्य बाला ठाकुर, रेखा राजपूत व्याख्याता, कनक चन्द्राकर, करण अनंत, गुमान चन्द्राकर, खेमन साहू प्रधान पाठक, गोवर्धन प्रसाद साहू शिक्षक एवं दौवा यादव तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

हीरालाल दास उम्र 62 वर्ष पिता रविशंकर दास निवासी ग्राम चट्टीगिरोला थाना / तह सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.) ..........आवेदक

**बनाम**

आम जनता
(जिसका कि इससे संबंध हो) ..........अनावेदक

आवेदक/वादी द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम व्या.वा.क्र. 16125 के तहत अपने पुत्र स्व. संजीव कुमार पिता हीरालाल दास का लिगल उत्तराधिकारी होने के संबंध में प्रस्तुत किया गया है। इसलिये आप आम जनता (जिसका कि इससे संबंध हो) को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 22/12/2025 को 11:00 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा न्यायमित्र (अधिवक्ता) के मार्फत से जिसको मुकदमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो, अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक/ प्रतिवादी के उपस्थित न होने पर आवेदक/वादी के आवेदन पर एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा ।

दिनांक 22/12/2025 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्य दिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जायेगा ।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**श्रीमान वैभव घृतलहरे**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–एक**
**सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)**

